सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-538
04/11/2017

मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरूनानक जयंती के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 04 नवम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरूनानक जयंती के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पवित्र नदियों में स्नान से श्रद्धालुओं की सभी कामनायें पूरी होती है और उन्हें सुख–शांति प्राप्त होता है। पवित्र नदियों में स्नान करने का आध्यात्मिक महत्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरूनानक देव जी के सर्वधर्म सम्भाव एवं सामाजिक सद्‌भाव के संदेश में सम्पूर्ण मानवता का कल्याण निहित है। उन्होंने कहा कि गुरूनानक देव जी ने आडम्बरो एवं अंधविश्वासों का प्रतिकार कर समाज को नई दिशा प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को आह्‌वान किया है कि वे कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरूनानक जयंती को आपसी भाईचारा, पारस्परिक सौहार्द्र, शांति, सद्‌भाव और उल्लास के साथ मनाएँ।

******